प्रश्न–पत्र पुस्तिका

# QUESTION PAPER BOOKLET

पुस्तिका में पृष्ठों की संख्या : 32

Number of Pages in Booklet : 32

पुस्तिका में प्रश्नों की संख्या : 150

Number of Questions in Booklet :150

समय / Time : 2 घंटे / 2 Hours

**B** बुकलेट सीरीज़

पूर्णांक / Maximum Marks : 300

## INSTRUCTIONS

1. Answer all questions.
2. Each question carry two marks.
3. Only one answer is to be given for each question.
4. Answers are to be marked on the OMR Answer Sheet, provided separately.
5. Each question has four options, marked serially as 1,2,3,4 out of which only one is correct. Candidate has to darken only one circle or bubble by right method indicating the correct answer on the Answer Sheet using only **BLACK/ BLUE INK BALL POINT PEN.**
6. There is no Negative Marking.
7. Mobile Phone or any other electronic gadget in the examination hall is strictly prohibited. A candidate found with any of such objectionable material with him/her will be strictly dealt as per rules.
8. Please fill your Roll Number and Series printed on Question Paper Booklet on O.M.R. Answer Sheet, carefully and correctly.
9. Answer to the question by darkening multiple circles/spreading of ink or darkening the circle by wrong method shall not be evaluated.
10. Answer to the question by using whitener or eraser or using any other method to erase the darkened circle, shall not be evaluated.
11. Use only blue/black ink ball point pen in OMR answer sheet. In case of use of pencil or ball point pen of any other ink, answer sheet shall not be evaluated.

**Warning : Candidate using unfair means in the exam will be disqualified & action as per law shall be taken.**

## निर्देश

1. सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए।
2. प्रत्येक प्रश्न के दो अंक हैं।
3. प्रत्येक प्रश्न का केवल एक ही उत्तर दीजिए।
4. प्रश्नों के उत्तर पृथक से दिये गये ओ.एम.आर. उत्तर–पत्रक पर अंकित करें।
5. प्रत्येक प्रश्न के साथ चार विकल्प दिये गये हैं, जिन्हें क्रमशः 1,2,3,4 अंकित किया गया है, जिनमें से एक सही है। अभ्यर्थी को सही उत्तर निर्दिष्ट करते हुए उनमें से केवल एक गोले अथवा बबल को **काली / नीली स्याही के बॉल प्वॉइंट पेन** का प्रयोग करते हुए सही तरीके से गहरा करना है।
6. कोई नकारात्मक अंकन नहीं है।
7. परीक्षा हॉल में मोबाईल फोन अथवा इलेक्ट्रॉनिक यंत्र पूर्णतः वर्जित है। किसी अभ्यर्थी के पास ऐसी वर्जित सामग्री पाये जाने पर उसके विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्यवाही की जावेगी।
8. कृपया अपना रोल नम्बर एवं प्रश्न–पत्र पुस्तिका पर अंकित सीरीज़ ओ.एम.आर. उत्तर–पत्रक पर सावधानी पूर्वक एवं सही भरें।
9. एक से अधिक गोले भरने / स्याही फैलाने या गलत तरीके से गोला भरने पर उस उत्तर का मूल्यांकन नहीं किया जायेगा।
10. भरे गये गोले को व्हाइटनर या रबड़ या किसी अन्य तरीके से मिटाने पर उस उत्तर का मूल्यांकन नहीं किया जायेगा।
11. ओ.एम.आर. उत्तर–पत्रक में केवल नीली / काली स्याही के बॉल प्वॉइंट पेन का प्रयोग करें। पेंसिल या अन्य किसी स्याही के बॉल प्वॉइंट पेन का प्रयोग करने पर उत्तर–पत्रक का मूल्यांकन नहीं किया जाएगा।

**चेतावनी : परीक्षा में अनुचित साधनों का प्रयोग करने पर अभ्यर्थी को अयोग्य घोषित कर दिया जायेगा एवं विधिनुसार कार्यवाही की जायेगी।**

1. 'अज' का अर्थ नहीं है–

(1) ब्रह्मा

(2) विष्णु

(3) शिव

(4) सर्प

2. शुद्ध अर्थयुक्त शब्द–युग्म है–

(1) अस्ति = विद्यमानता अस्थि = हड्डी

(2) राज = रहस्य राज़ = शासन

(3) प्रवंचन = उपदेश प्रवचन = ठगी

(4) ज़रा = वृद्धावस्था जरा = थोड़ा सा

3. कौनसा शब्द 'पतंग' का अर्थबोधक नहीं है?

(1) आकाश

(2) पक्षी

(3) सूर्य

(4) शलभ

4. 'उत्कर्ष' का विलोम है–

(1) निष्कर्ष

(2) अपकर्ष

(3) आकर्ष

(4) विकर्ष

5. कर्मवाच्य का उदाहरण है–

(1) चिट्ठी भेजी गयी।

(2) सीता पुस्तक पढ़ती है।

(3) किरण कुर्त्ता पहनती है।

(4) मोहन घर जा रहा है।

6. 'अनुरक्त' का उपयुक्त विपरीतार्थी शब्द है–

(1) आरक्त

(2) विरक्त

(3) आसक्त

(4) प्रतिरक्त

7. योग का विपरीतार्थक है–

(1) संयोग

(2) वियोग

(3) प्रतियोग

(4) उपयोग

8. 'मरने की इच्छा' हेतु उपयुक्त शब्द है–

(1) मुमुक्षा

(2) मुमूर्षा

(3) जिजीविषा

(4) उत्सर्गेच्छा

9. 'अरुण' का अर्थ नहीं होता है–

(1) लाल

(2) प्रभात

(3) सूर्य

(4) सोना

10. 'खग जाने खग ही की भाषा' लोकोक्ति का निकटतम अर्थ है–

(1) फालतू आदमी फालतू बात ही करता है।

(2) पक्षी ही पक्षी की बोली समझता है।

(3) विद्वान् सभी भाषाओं का ज्ञाता होता है।

(4) चालाक ही चालाक की बात समझ सकता है।

11. संधि से निर्मित सही शब्द है–

(1) दीप्त + उपल = दीप्तौपल

(2) अभि + अन्तर = अभ्यान्तर

(3) अभि + इष्ट = अभिष्ट

(4) महा + ऐश्वर्य = महैश्वर्य

12. 'घी खाया बाप ने सूँघो मेरा हाथ' लोकोक्ति का अभिप्राय है–

(1) दूसरों की कीर्ति पर डींग मारना

(2) निकृष्ट व्यक्ति का कभी सुखी न होना

(3) पैतृक संपत्ति से मनोरथ सिद्ध होना

(4) बिना प्रमाण के अपनी बात कहना

13. अशुद्ध अर्थयुक्त शब्द–युग्म है–

(1) आभरण = भरण–पोषण आमरण = मरण पर्यन्त

(2) मतंग = हाथी मतंगी = हाथी का सवार

(3) अपनीत = निकाला हुआ उपनीत = पास लाया हुआ

(4) सुर = देवता सूर = सूर्य

14. कौनसा विकल्प सुमेलित नहीं है?

(1) जो जानने की इच्छा रखता हो – जिज्ञासु

(2) नापाक इरादे से की जाने वाली मंत्रणा – दुरभिसंधि

(3) मध्याह्न के बाद का समय – अपराह्न

(4) जो इस लोक से भिन्न न हो – अलौकिक

15. सही सन्धि विच्छेद नहीं है–

(1) मात्रानन्द = मातृ + आनन्द

(2) षडानन = षट् + आनन

(3) न्यून = निः + ऊन

(4) अन्वित = अन् + वित

16. 'विरल' का विलोम है–

(1) सरल

(2) सघन

(3) तरल

(4) मंथन

17. 'आ' उपसर्ग का प्रयोग नहीं हुआ है–

(1) आक्रान्त

(2) आकस्मिक

(3) आकर्षण

(4) आकार

18. किस शब्द–युग्म का अर्थ–भेद क्रमशः सुसंगत नहीं है?

(1) निश्छल – निश्चल = छल रहित – अडिग

(2) नियत – नीयत = निश्चित – इरादा

(3) सम – शम = समान – शांति

(4) परिच्छद – परिच्छेद = अध्याय – आवरण

19. निम्नलिखित में से कौनसा शब्द शुद्ध नहीं है?

(1) प्रत्यर्पण

(2) पुनरागत

(3) आत्मावलोकन

(4) निरावलंब

20. प्रलय का विपरीतार्थक है–

(1) विनाश

(2) विध्वंस

(3) सृष्टि

(4) संहार

21. 'ईय' प्रत्यय का प्रयोग हुआ है–

(1) औचित्य

(2) पाण्डित्य

(3) भवदीय

(4) माननीय

22. 'पानी' का पर्याय नहीं है–

(1) अंबु

(2) द्रव

(3) जीवन

(4) सलिल

23. विलोमता नहीं है–

(1) लंबा–चौड़ा

(2) वर्ण्य–अवर्ण्य

(3) हार–जीत

(4) लभ्य–अलभ्य

24. अशुद्ध वाक्य है–

(1) अश्वमेघ का घोड़ा पकड़ा गया।

(2) कुत्ता एकलव्य का काला व भयानक शरीर देखकर भौंकने लगा।

(3) हिंदी अंग्रेजी का स्थान लेने में समर्थ है।

(4) यास्कादि आचार्यों ने भी यही माना है।

25. अशुद्ध अर्थवाला शब्द–युग्म है–

(1) झक=सनक  झष=मछली

(2) रंजक=चित्रकार  रजक=धोबी

(3) अज=ईश्वर  अजा=बकरी

(4) जरठ=वृद्ध  जठर=अग्नि

26. किस सामासिक पद का विग्रह त्रुटिपूर्ण है–

(1) नरबलि – नर के लिए बलि

(2) हवन सामग्री – हवन के लिए सामग्री

(3) हाथ–पांव – हाथ पाँव आदि

(4) ऋषिराज – ऋषियों में राजा

27. किस विकल्प के सभी शब्द शुद्ध हैं–

(1) उच्छ्वास, निषिद्ध, उपलक्ष्य

(2) अन्तर्जगत्, अन्तरराष्ट्रीय, अन्तर्वर्ती

(3) दिवारात्र, शैथिल्य, कौन्तेय

(4) मितव्ययीता, ऋद्धि, तड़ित

28. 'स्पष्ट को प्रमाण की जरूरत नहीं पड़ती' भाव को व्यंजित करने वाली लोकोक्ति है–

(1) हाथ कंगन को आरसी क्या

(2) साँच को आँच नहीं

(3) अपना हाथ जगन्नाथ

(4) खरबूजे को देखकर खरबूजा रंग बदलता है

29. किस विकल्प में सभी शब्द अशुद्ध हैं?

(1) नापतौल, त्योहार

(2) दैदीप्यमान, यौवन

(3) पदौन्नति, बेचेन

(4) सोचनीय, सौष्ठव

30. किस सामासिक पद का विग्रह त्रुटिपूर्ण है–

(1) स्मृतिभ्रंश = स्मृति का भ्रंश

(2) सुखासक्त = सुख में आसक्त

(3) सुधासिक्त = सुधा से सिक्त

(4) सुर–ताल = सुर के लिए ताल

31. 'अनु' उपसर्ग का उदाहरण नहीं है–

(1) अनुचित

(2) अन्वय

(3) अनुदिन

(4) अनूदित

32. गुण संधि का उदाहरण है–

(1) महोत्सव

(2) महौषधि

(3) अन्वेषण

(4) गायन

33. 'ल' प्रत्यय से निर्मित शब्द नहीं है–

(1) शीतल

(2) पीतल

(3) श्यामल

(4) काजल

34. अशुद्ध अर्थ वाला शब्द–युग्म है–

(1) प्रणय=प्रेम परिणय=विवाह

(2) आशय=हृदय आश्रय=शरण

(3) कास=लंबी घास काँस=खाँसी

(4) वक्र=तिरछा वृक=भेड़िया

35. 'अनीय' प्रत्यय से रहित शब्द है–

(1) दर्शनीय

(2) पाणिनीय

(3) आदरणीय

(4) स्मरणीय

36. कर्मवाच्य का उदाहरण नहीं है–

(1) कपड़ा सिया जाता है।

(2) चिट्ठी भेजी गयी।

(3) धूप में चला नहीं जाता।

(4) मुझसे यह बोझ न उठाया जायेगा।

37. किस विकल्प में समश्रुत शब्दों का अर्थ–भेद सही नहीं है?

(1) अनिष्ट – अनिष्ठ = अनर्थ – निष्ठा रहित

(2) निर्जर – निर्झर = झरना – जो बूढ़ा न हो

(3) कोर – कौर = किनारा – ग्रास

(4) परिणय – प्रणय = विवाह – प्रेम

38. किस विकल्प के एक भी शब्द में 'नि' उपसर्ग प्रयुक्त नहीं हुआ है?

(1) निष्कपट, निहित

(2) निरंकुश, निषेध

(3) निर्यात, निश्चित

(4) नियम, निष्काम

39. इनमें से कौनसा शब्द 'बादल' का पर्याय नहीं है?

(1) अभ्र

(2) पयोधर

(3) घट

(4) अम्बुद

40. 'गाय' का पर्यायवाची शब्द नहीं है–

(1) मंदार

(2) सुरभि

(3) धेनु

(4) गौ

41. किस विकल्प में मुहावरा व अर्थ असंगत है–

(1) सिर पर आफत आना – विपत्ति पड़ना

(2) सिर पर कफन बाँधना – मरने को तैयार हो जाना

(3) सिर पर सवार होना – बहुत क्रोधित होना

(4) सिर पर ठीकरा फोड़ना – दोषी ठहराना

42. किस विकल्प में सभी शब्द शुद्ध हैं?

(1) सानिध्य, ध्यातव्य

(2) हतोत्साह, धनाढ्य

(3) अंतर्धान, तादातम्य

(4) सिद्धहस्त, भवनिष्ठ

43. किस विकल्प में कोई भी शब्द अशुद्ध नहीं है?

(1) पैत्रिक, प्रज्वलित, सर्वोपरी

(2) प्रज्जवलित, पैतृक, सर्वोपरि

(3) सर्वोपरि, प्रज्वलित, पैतृक

(4) पैत्रिक, सर्वोपरी, प्रज्वलित

44. शुद्ध वाक्य है–

(1) इसलिए कहता हूँ क्योंकि आप दुर्बल हैं।

(2) संभव है, यह बात वह ह्रदय से न माने।

(3) मैं पहुँचा ही था जबकि वह आ गया।

(4) वे व्यक्ति धन्य हैं कि जिन्होंने यह मंदिर बनवाया।

45. व्यंजन संधि से संबंधित शब्द है–

(1) पवित्र

(2) स्वागत

(3) महर्षि

(4) जगदीश

46. किस सामासिक पद का विग्रह सही नहीं है?

(1) दिनोंदिन = दिन प्रतिदिन / दिन ही दिन में

(2) शोकाकुल = शोक से आकुल

(3) सत्याग्रह = सत्य का आग्रह

(4) सिरदर्द = सिर में दर्द

47. किस विकल्प में विपरीतार्थक शब्द नहीं है–

(1) हलका–भारी

(2) वियोग–संयोग

(3) हर्ष–विस्मय

(4) ग्राह्य–त्याज्य

48. पित्रनुमति का संधि–विच्छेद होगा–

(1) पित्र + अनुमति

(2) पितृ + अनुमति

(3) पितर + अनुमति

(4) पितः + अनुमति

49. वाक्यांश के लिए सार्थक शब्द नहीं है–

(1) दूत का कार्य – दौत्य

(2) हर पन्द्रह दिन में होने वाला – पाक्षिक

(3) मोक्ष की इच्छा रखने वाला – मुमुक्षु

(4) दीक्षा देने वाला – दीक्षान्त

50. द्रौपदी का पर्यायवाची नहीं है–

(1) याज्ञसेनी

(2) सैरन्ध्री

(3) पांचालिका

(4) कृष्णा

51. **Choose the correct passive form of the sentence.**

The President gave him a reward.

(1) He was too be given a reward by the President.

(2) He was given a reward by the President.

(3) He shall have be given a reward by the President.

(4) He must be given a reward.

52. **Change the following sentence into direct speech:**

He exclaimed that it was a dreadful idea.

(1) He said, "it is dreadful idea."

(2) He said, "this is a dreadful idea."

(3) He said, "what a dreadful idea!"

(4) He said, "what a dreadful idea it is."

53. **Fill in the blank with suitable determiner.**

All I needed was --------- two and a half metre piece of red flannel to complete the design.

(1) the

(2) those

(3) Both (1) & (2)

(4) a

54. The sentence has been broken up into four parts. Choose the part which is grammatically and meaningfully wrong.

(1) The title of the book

(2) convey that life's joys

(3) and sorrows can often

(4) co-exist at the same time.

55. **Choose the correct option for the underlined.**

May I <u>accompany with you</u> to the airport?

(1) accompany you

(2) No improvement

(3) accompany you with

(4) accompany

56. **Choose the prefix that meaningfully completes the sentence:**

Surprisingly, much of my assignment remained ___finished by the end of the week.

(1) dis___

(2) mis___

(3) un___

(4) de___

57. Select the right prefix for the word "fortune":

(1) un

(2) dis

(3) mis

(4) in

58. Antonym of the word "Transparent" is:

(1) Clear

(2) Opaque

(3) Translucent

(4) Obvious

59. The sentence has been broken up into four parts. Choose the part which is grammatically and meaningfully wrong.

(1) In the modern,

(2) increasing commercial city,

(3) many of the old ways

(4) are gradually being discarded.

60. **Change into Interrogative:**

It is no good to help a mean man.

(1) It is good to help a mean?

(2) Is it not good to help the good?

(3) Is it not bad to not help the mean?

(4) Is it any good to help a mean man?

**61. Fill in the blanks with the correct option.**

--------- members have already sent their subscription.

(1) Some

(2) Any

(3) Little

(4) Whole

**62. Fill in the blank with the correct form of verb.**

We --------- there for ten years.

(1) will have been lived

(2) live

(3) living

(4) lived

**63.** Choose the word with incorrect prefix ____able.

(1) Lovable

(2) Moveable

(3) Honorable

(4) Victoryable

**64. Choose the correct option of the italicized word.**

*Who* was it written by?

(1) What

(2) Whom

(3) Whose

(4) Which

**65.** The Antonym of the word "Industrious" is:

(1) Indolent

(2) Happy

(3) Slavery

(4) Impolite

**66. Change the following negative sentence into an affirmative one:**

I am not as intelligent as you.

(1) No one is more intelligent than you.

(2) You are more intelligent than I.

(3) Both (1) & (2)

(4) None of the above

**67. Pick the correct option to fill in the blank space.**

He doesn't behave well. --------- he hopes to get votes.

(1) In the meantime

(2) Nevertheless

(3) As a result

(4) Else

**68. Pick the correct option to fill in the blank:**

They have too --------- technicians, we have too few.

(1) little

(2) much

(3) many

(4) few

**69. Choose the word which means the following:**

The cessation of warfare before a treaty is signed.

(1) Amnesty

(2) Amiablity

(3) Agreement

(4) Armistice

**70. Choose the option that best explains the underlined idioms/phrase:**

Have a midas touch means:

(1) Ability to succeed in everything

(2) To be a good middleman

(3) Act patiently

(4) Accept defeat gracefully

71. **Which of the following word means:**

A way of speaking or writing that makes someone sound bigger, better than they are.

(1) Hyperbole

(2) Understatement

(3) Belittlement

(4) Meiosis

72. **Fill in the correct tense choosing from the options given below:**

I ------- (write) a letter this morning.

(1) write

(2) will be writing

(3) have written

(4) wrote

73. **Choose the word which means the following:**

A speech delivered without any previous preparation.

(1) Diplomacy

(2) Cynic

(3) Extempore

(4) Versatile

74. **Choose the option that best explains the underlined idioms/phrase:**

The pandemic has made everyone suspect that they are <u>a bit under the weather</u> at all times.

(1) Out of work

(2) Distressed and depressed

(3) Feeling sick or unhealthy

(4) Open to infection

75. **Fill in the blank by choosing the correct option:**

There was a regular --------- between the merchants and the labourers.

(1) fight

(2) battle

(3) war

(4) None of the above

76. Choose the antonym of the word "eulogistic" from the given options:

(1) Admiring

(2) Critical

(3) Appreciative

(4) Friendly

77. **Choose the option that meaningfully completes the sentence:**

We had to pay the taxi more because he brought us by more --------- route.

(1) circular

(2) circumscribed

(3) circumvent

(4) circuitous

78. **Fill in the blank with the correct option.**

Spring --------- come again.

(1) will

(2) has been

(3) have been

(4) is

79. **Choose the suffix that meaningfully completes the sentence:**

Everyone was very excited and eager___ waited for the result to be posted.

(1) ___fully

(2) ___ly

(3) ___ness

(4) ___ment

80. **Fill in the blank with an appropriate article.**

He gave us --------- good breakfast.

(1) a

(2) an

(3) the

(4) No article required

81. **Choose the correct option to fill in the blank space:**

Temperature tomorrow --------- much the same as today.

(1) will

(2) remained

(3) will have been

(4) will be

82. **Choose the correct Passive of the following sentence from the given options.**

I can see the force of your argument.

(1) The forced argument I could see.

(2) The argument was forced to be seen.

(3) The force of the argument on can see.

(4) The force of your argument can be seen.

83. **Choose the correct Indirect form of the following Direct speech sentence:**

"Listen to me!" said Mother.

(1) Mother told me listen to her.

(2) Mother told me to listen to her.

(3) Mother asked me to listen.

(4) Mother asked to me to listened.

84. **Choose the word which means the following:**

A thing that is fit to be eaten:

(1) Edible

(2) Explicit

(3) Popular

(4) Frugal

85. **Pick the correct option to fill in the blank:**

Cattle --------- driven all over the fields.

(1) is

(2) are

(3) was

(4) has been

86. **Choose the correct Indirect form of the following Direct speech sentence:**

"Could you call me back later?"

(1) He asked if you could call to me later.

(2) He asked to later make a call on him.

(3) He asked me to call him back later.

(4) He pleased me to call him later.

87. **Change the following sentence into passive:**

Give the order.

(1) Let the order out.

(2) Let you give the order.

(3) Let the order be given.

(4) The order was to be given.

88. **Choose the correct affirmative sentence.**

She is not guilty.

(1) She is innocent.

(2) She is guilty.

(3) She can be not guilty.

(4) Innocent is she we know.

89. **Pick the correct option which transforms the following interrogative sentence to assertive:**

Can you touch the sky?

(1) No one can touch the sky.

(2) The sky cannot be touched.

(3) You cannot touch the sky.

(4) None of the above.

90. **Change the following sentence into indirect speech:**

Tom said, "I woke up feeling ill, so I didn't go to work."

(1) Tom said that he woke up feeling ill and so he did not go to work.

(2) Tom said that he had woken up feeling ill, so he hadn't gone to work.

(3) Tom said that he had woken up feeling ill, so he did not go to work.

(4) Tom said that he woke up feeling ill, so he didn't go to work.

91. **Choose the antonym of the following word:**

Deplorable

(1) Inflallible

(2) Admirable

(3) Explorable

(4) Unbearable

92. **Choose the correct antonym of the word:**

"Frequent"

(1) Refuse

(2) Regular

(3) Follow

(4) Occasional

93. **Choose the option that is a one word substitution for the given phrase:**

A nation or person engaged in war or conflict, as recognized by international law.

(1) Crusade

(2) Anarchy

(3) Belligerent

(4) Sacrilege

94. **Pick the correct option to fill the blank space.**

I couldn't sleep ------------ very tired.

(1) although I was

(2) in spite of being

(3) despite of being

(4) Both (1) & (2)

95. Which of the following word does not have 'ful' as a suffix?

(1) Harm

(2) Hate

(3) Hand

(4) High

96. **Choose the correct meaning of the Italicised Idiom:**

The news of Rehan's death *spread like wild fire.*

(1) Spread rapidly

(2) Lateful

(3) In favour with

(4) To get into trouble

97. **Fill in the blank choosing the correct tense form from the given options.**

If he ---------, what are we to do?

(1) camed

(2) comes

(3) had come

(4) was to come

98. **Choose the correct Active transformation of the given Passive:**

If the food had not been overcooked there would not have been any complaint.

(1) I would not have complained if the food had not been overcooked.

(2) I would not have complained if the food was not overcooked.

(3) There would be no complaint for overcooking the food.

(4) The complaint was about overcooked food if done by me.

99. **Choose the correct Indirect form of the sentence.**

She said, "I have written a story."

(1) She said (that) she had written a story.

(2) She told of writing a story.

(3) A story written by her.

(4) She informed us of writing a story.

100. **Give the correct meaning of the underlined Idiom.**

It was he who <u>put a spoke in my wheel</u> in the execution of my design.

(1) Blessed me

(2) Helped me

(3) Deeply appealed

(4) Thwarted me

101. गणतन्त्र दिवस 26.01.2023 को नई–दिल्ली में हुए समारोह के मुख्य अतिथि कौन थे?

(1) टर्की के राष्ट्रपति रजब महमूद तैयब इरदुगान

(2) फिलिस्तीन के राष्ट्रपति महमूद अब्बास

(3) मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल फतेह अल–सीसी

(4) दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति सिरिल रामाफोसा

102. बीकानेर शहर के नाम के सम्बन्ध में कौनसा कथन सत्य है?

(1) राव बीका तथा नेहरा जाट के मध्य समझौते के कारण शहर का नाम बीकानेर पड़ा है।

(2) जोधा ने इस भू–भाग को नेहरा जाट को बेच दिया था जिस कारण इसका नाम बीकानेर पड़ा।

(3) बीकानेरी भुजिया की उत्पत्ति यहां से होने के कारण शहर का नाम बीकानेर पड़ा।

(4) यह भू–भाग बहुत सारे कबीलों के नेताओं के अधिकार में था जिस कारण बीकानेर नाम पड़ा।

103. राजस्थान उच्च न्यायालय के प्रथम मुख्य न्यायाधीश कौन थे?

(1) कमल कान्त वर्मा

(2) माणिक्य लाल वर्मा

(3) के. एन. वान्चू

(4) सरजू प्रसाद

104. वर्ष 2022 में निम्नलिखित में से किसके द्वारा पद्म भूषण अवार्ड लेने से इन्कार कर दिया गया?

(1) श्री बुद्धदेव भट्टाचार्य द्वारा

(2) न्यायाधिपति श्री जे. एस. वर्मा के परिवार द्वारा

(3) श्री सुखदेव सिंह डींडसा द्वारा

(4) सुश्री कृष्णा सोबती द्वारा

105. विश्व का सबसे बड़ा क्रिकेट स्टेडियम किस शहर में है?

(1) कोलकाता

(2) लॉर्ड्स

(3) अहमदाबाद

(4) मेलबोर्न

106. निम्न में से किस जिला मुख्यालय पर जिला एवं सत्र न्यायालय का मुख्यालय नहीं है?

(1) प्रतापगढ़

(2) बाड़मेर

(3) जोधपुर

(4) झालावाड़

107. लड़ाकू विमान सुखोई उड़ाने वाली प्रथम भारतीय महिला पायलट कौन हैं?

(1) अवनी लेखरा

(2) अवनी चतुर्वेदी

(3) सरला ठकराल

(4) मिन्टी अग्रवाल

108. इन्दिरा गाँधी नहर कहाँ से निकाली गई है?

(1) भाखड़ा नाँगल बाँध

(2) पौंग बैराज

(3) हरिके बैराज

(4) जवाहर सागर बाँध

109. राष्ट्रीय राजमार्ग–27 किस जिले से होकर नहीं गुजरता है?

(1) सिरोही

(2) कोटा

(3) चित्तौड़गढ़

(4) पाली

110. निम्न में से कौन सा किला सुदर्शनगढ़ के नाम से विख्यात है?

(1) मेहरानगढ़

(2) नाहरगढ़

(3) सज्जनगढ़

(4) लोहागढ़

111. गोरा–बादल का सम्बन्ध किससे था?

(1) रानी पद्मिनी–रतन सिंह

(2) महाराणा प्रताप

(3) महाराजा जसवंत सिंह द्वितीय

(4) महाराणा कुम्भा

112. "छप्पन के मैदान" का सम्बन्ध निम्नलिखित में से किस नदी से है?

(1) माही

(2) बनास

(3) चम्बल

(4) लूणी

113. फीफा (FIFA) वर्ल्ड–कप कतर 2022 का फाईनल मैच किन दो देशों की टीमों के मध्य हुआ था?

(1) फ्रांस – जर्मनी

(2) नीदरलैण्ड – अर्जेन्टीना

(3) पुर्तगाल – मोरक्को

(4) अर्जेन्टीना – फ्रांस

114. गंगा और यमुना नदी का संगम निम्न में से किस स्थान पर होता है?

(1) प्रयागराज (इलाहाबाद)

(2) देव प्रयाग

(3) बनारस

(4) गंगासागर

115. बागोर सभ्यता किस नदी के किनारे स्थित है?

(1) आयड़ नदी

(2) बनास नदी

(3) कोठारी नदी

(4) कांतली नदी

116. निम्न में से कौन एक राजनेता, अधिवक्ता और संविधान सभा के सदस्य भी थे?

(1) जयनारायण व्यास

(2) मुकुट बिहारी लाल भार्गव

(3) माणिक्य लाल वर्मा

(4) बलवन्त सिंह मेहता

117. नामीबिया से लाए गये चीतों को भारत के किस राष्ट्रीय उद्यान में रखा गया है?

(1) पन्ना (मध्य प्रदेश)

(2) जिम कार्बेट नेशनल पार्क (उत्तराखण्ड)

(3) कूनो (मध्य प्रदेश)

(4) गिर (गुजरात)

118. निम्न में से किसने हाल ही में प्रधानमंत्री पद से यह कहते हुए त्यागपत्र दे दिया कि उनके पास देश के लिए नया कुछ भी नहीं है?

(1) बोरिस जॉनसन

(2) जैसिन्डा एन्डरसन

(3) जैसिन्डा अर्डर्न

(4) इमरान खान

**119.** पर्यटक स्थल तथा उसके स्थान का असंगत मेल बताइये–

(1) सिलीसेढ़ – अलवर

(2) आमेर का किला – जयपुर

(3) अढ़ाई दिन का झोंपड़ा – पाली

(4) जूनागढ़ का किला – बीकानेर

**120.** गणगौर पर्व पर गौर (गवर) की पूजा होती है। ये किस देवी का रूप है?

(1) दुर्गा

(2) पार्वती

(3) सरस्वती

(4) गंगा

**121.** कौनसी रिपोर्ट के कारण अडानी ग्रुप के शेयरों में भारी गिरावट दर्ज की गई तथा उद्योगपति गौतम अडानी को दुनिया के दस अमीरों की सूची से बाहर कर दिया?

(1) हिंडनबर्ग रिपोर्ट

(2) मार्क हिडेनबोरिस रिपोर्ट

(3) जोज़ेफ हिडेन रिपोर्ट

(4) हिडेनएलिस बर्ग रिपोर्ट

**122.** पश्चिमी विक्षोभ का सम्बन्ध है–

(1) हिन्द महासागर से

(2) बंगाल की खाड़ी से

(3) अरव सागर से

(4) भूमध्य सागर से

**123.** माउन्ट एवरेस्ट को नेपाल में किस नाम से जाना जाता है?

(1) पर्वत शिखर

(2) तेनजिंग शिखर

(3) सागरमाथा

(4) शिखरमाथा

124. दिनांक 28.01.2023 को भारतीय वायु सेना के कौन से दो विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गये थे?

(1) राफेल तथा मिराज

(2) सुखोई तथा राफेल

(3) सुखोई तथा मिराज

(4) तेजस तथा मिराज

125. मेवाड़ पर्यटन परिपथ से सम्बन्धित पर्यटन स्थल नहीं है–

(1) कुम्भलगढ़

(2) नाथद्वारा

(3) डूंगरपुर

(4) माउण्ट आबू

126. नाटो (NATO) के वर्तमान महासचिव कौन हैं?

(1) जेन्स स्टॉल्टेनबर्ग

(2) क्यू डोंग्यू

(3) अब्दुल्ला शाहिद

(4) अमीना जे मोहम्मद

127. भारत में पासपोर्ट संबंधित सेवाओं के लिए पंजीकरण, आवेदन एवं भुगतान आदि करने के लिए कौन सा मोबाईल एप है?

(1) ईपासपोर्ट सेवा (ePassport Seva)

(2) उदयम भारत (UDYAM Bharat)

(3) एमपासपोर्ट सेवा (mPassport Seva)

(4) उमंग इंडिया (UMANG India)

128. निम्न में से भारत में कपास उत्पादक शीर्ष राज्य कौनसा है?

(1) गुजरात

(2) तेलंगाना

(3) महाराष्ट्र

(4) राजस्थान

129. किस जिले में लाल – लोमी मृदा (Red Loamy Soil) पाई जाती है?

(1) अलवर

(2) झालावाड़

(3) उदयपुर

(4) चूरू

130. ''बन्धन एक्सप्रेस'' एवं ''मैत्री एक्सप्रेस'' भारत व किस दूसरे देश के बीच चलती है?

(1) नेपाल

(2) श्रीलंका

(3) बांग्लादेश

(4) म्याँमार

131. कौनसे राज्य में मालवा पठार का फैलाव नहीं है?

(1) मध्य प्रदेश

(2) राजस्थान

(3) गुजरात

(4) महाराष्ट्र

132. निम्न में से कौनसा स्वतन्त्रता सेनानी राजस्थान से नहीं था?

(1) केसरी सिंह बारहट

(2) विजय सिंह पथिक

(3) गणेश लाल व्यास

(4) गणेश शंकर विद्यार्थी

133. वर्तमान में राज्यसभा अध्यक्ष कौन हैं?

(1) ओम बिड़ला

(2) जगदीप धनकड़

(3) सी. पी. जोशी

(4) एस. जयशंकर

134. राजीव गाँधी ग्रामीण ओलम्पिक खेल 2022 का शुभंकर क्या था?

(1) अप्पू

(2) शेरू

(3) पाण्डा

(4) टाइगर

135. सूची–1 व सूची–2 का मिलान कीजिए तथा नीचे दिये गये कूट का उपयोग कर सही उत्तर का चयन कीजिए–

| सूची–1 | सूची–2 |
|---|---|
| अ. अल्ट्राटेक सीमेंट | क. अजमेर |
| ब. जे.के.लक्ष्मी सीमेंट | ख. बूँदी |
| स. श्री सीमेंट | ग. सिरोही |
| द. ए.सी.सी. सीमेंट | घ. चित्तौड़गढ़ |

| | अ | ब | स | द |
|---|---|---|---|---|
| (1) | क | ख | ग | घ |
| (2) | क | ख | घ | ग |
| (3) | घ | ग | क | ख |
| (4) | घ | ख | ग | क |

136. मुगल गार्डन का नाम हाल ही में अमृत उद्यान रखा गया है। वह कहां पर स्थित है?

(1) श्रीनगर

(2) संसद भवन

(3) इंडिया गेट

(4) राष्ट्रपति भवन

137. विश्व का सबसे लम्बा रिवर–क्रूज़ कौनसा है?

(1) रॉयल कैरेबियन क्रूज़

(2) ड्रीम्स क्रूज़

(3) गंगा विलास क्रूज़

(4) नाइल मैजिक

138. स्वामी दयानंद सरस्वती राजस्थान में सर्वप्रथम कहां आए थे?

(1) भरतपुर

(2) जयपुर

(3) उदयपुर

(4) करौली

139. राजस्थान राज्य की स्थापना कब हुई?

(1) 30 मार्च, 1949

(2) 1 मई, 1949

(3) 31 मई, 1950

(4) 1 जुलाई, 1956

140. निम्न में से किस राज्य का जनसंख्या घनत्व सर्वाधिक है?

(1) महाराष्ट्र

(2) उत्तर प्रदेश

(3) पश्चिमी बंगाल

(4) बिहार

141. राजस्थान में "अबूझ सावा" किस दिन मनाते हैं?

(1) गणगौर

(2) बसंत पंचमी

(3) कार्तिक पूर्णिमा

(4) आखा तीज

142. लोक देवता बाबा रामदेव जी के पिता का क्या नाम था?

(1) सेढू

(2) अजमाल

(3) गोगा जी

(4) लोहट जी

143. राजस्थान में निम्नलिखित में से कौनसा क्षेत्र पेट्रोलियम भण्डार क्षेत्र नहीं है?

(1) घोटारू

(2) रागेश्वरी

(3) बंधेवाला

(4) डांडेवाला

144. साहित्यकार गीतांजली श्री को उनके किस उपन्यास हेतु बुकर पुरस्कार दिया गया है?

(1) जल समाधि

(2) रेत समाधि

(3) द एम्प्टी स्पेस

(4) तिरोहित

145. सुण्डा पर्वत का सम्बन्ध राजस्थान के किस जिले से है?

(1) राजसमन्द

(2) पाली

(3) जालौर

(4) सिरोही

146. किस किले की प्रशंसा में निम्न दोहा प्रसिद्ध है?

गढ़ दिल्ली गढ़ आगरो, अधगढ़ बीकानेर।
भलो चिणायो भाटियाँ, सिरै तो ज़ैसलमेर।।

(1) जूनागढ़ का किला, बीकानेर

(2) किला सोनारगढ़, जैसलमेर

(3) लोहागढ़ का किला, भरतपुर

(4) रणथम्भौर का किला

147. वर्तमान में भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक (कम्पट्रोलर एण्ड ऑडिटर जनरल) कौन हैं?

(1) राजीव कुमार

(2) अरुण गोयल

(3) राजीव गाबा

(4) गिरीश चन्द्र मुर्मू

148. निम्न में से कौनसे क्षेत्र का राजस्थान में विलय 1 नवम्बर, 1956 को हुआ?

(1) झालावाड़

(2) सांचौर

(3) अजमेर

(4) सीकर

149. निम्न में से ऐसा कौनसा जिला है जो चार राज्यों की सीमा को छूता है?

(1) सवाई माधोपुर

(2) बांसवाड़ा

(3) सोनभद्र

(4) चण्डीगढ़

150. हाल ही में अंडमान–निकोबार द्वीप–समूह के 21 सबसे बड़े अनाम द्वीपों का नामकरण किनके नाम पर किया गया है?

(1) स्वतन्त्रता सेनानी

(2) भारत रत्न विजेता

(3) परमवीर चक्र विजेता

(4) पद्म विभूषण विजेता

*********